| 18.07.2025 | आकाशवाणी मध्यप्रदेश | 02.10PM |
|---|---|---|

प्रादेशिक समाचार

<u>बिहार प्रधानमंत्री-दौरा</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के पूर्वी चंपारण ज़िले के मोतिहारी में सात हजार दो सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

ये विकास परियोजनाएं रेल, सड़क तथा ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से संबंधित हैं।

प्रधानमंत्री ने राजेंद्र नगर, दरभंगा, भागलपुर और मोतिहारी रेलवे स्टेशनों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चार नई अमृत भारत ट्रेनों को रवाना किया। यह बिहार के महत्वपूर्ण शहरों को अन्य भागों से जोड़ेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनधन खातों से गरीब परिवार की महिलाओं को सर्वाधिक फायदा हुआ है।

<u>स्पेन दौरा तीसरा दिन</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पेन प्रवास का आज तीसरा दिन है। आज मुख्यमंत्री बार्सिलोना के प्रमुख समुद्री और लॉजिस्टिक्स केंद्र 'मर्कारबेना' के भ्रमण करेंगे, जो यूरोप का एक प्रमुख आपूर्ति श्रृंखला हब माना जाता है। इसके बाद 'इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश' थीम पर केन्द्रित बार्सिलोना बिजनेस फोरम का आयोजन होगा, जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्पेनिश उद्योग जगत, कॉरपोरेट समूहों और संस्थागत निवेशकों के समक्ष मध्यप्रदेश की निवेश क्षमताओं को प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री स्मार्ट सिटी एवं नवाचार केंद्रों का भ्रमण भी करेंगे। दिन का समापन ‘प्रवासी एवं फ्रेंड्स ऑफ मध्यप्रदेश’ समारोह के साथ होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूरोप में बसे प्रवासी भारतीयों, व्यवसायियों और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में प्रदेश के आठ शहरों को कल पुरस्कृत किया गया है। इसके साथ ही कई अन्य छोटे शहरों को विभिन्न् श्रेणियों में सम्मान मिला है। आगरमालवा नगर पालिका ने वन स्टार व ओडीएफ डबल प्लस स्वच्छ सर्वेक्षण में देश में 15 वॉ स्थान पाया है। इसी तरह नगर परिषद सांवेर ने 20 हजार से कम जनसंख्या श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर 22वाँ स्थान प्राप्त किया है। देवास जिले के खांतेगांव नगर परिषद को 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों में देश में 7वां क्रम मिला है, इसी तरह 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में कन्नौद नगर को 17 वां स्थान मिला है। इन सभी जगहों पर कल सफाई मित्रों का सम्मान किया गया।

प्राथमिक शिक्षक

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्राथमिक शिक्षकों के 13 हजार 89 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा के लिए इच्छुक उम्मीदवार आज से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया एक अगस्त तक चलेगी। इस भर्ती प्रक्रिया में बीएड डिग्री धारियों को पात्र नहीं माना गया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षकों के 10 हजार 150 पद और जन जातीय कार्य विभाग में दो हजार 939 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए पात्र अभ्यर्थी एक अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। इस चयन परीक्षा के लिए वहीं अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिन्होंने ईएसबी द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ष 2020 और 2024 में निर्धारित प्रतिशत के साथ अर्हता हासिल किया है।

मौसम

भोपाल सहित प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में कहीं तेज बारिश तो कहीं रुक-रुककर बौछारें पड़ रही हैं। कल सतना, डिंडौरी, मऊगंज समेत 26 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। आज ग्वालियर-चंबल के 7 जिलों में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इस मानसूनी सीजन में प्रदेश में 19.2 इंच बारिश हो चुकी है यह औसत से 7.7 इंच बारिश ज्यादा है। कल सतना में 9 घंटे में 3.8 इंच पानी गिर गया। रीवा में 2.3 इंच, खजुराहो-टीकमगढ़ में 1.7 इंच पानी गिरा। सतना में शासकीय स्वशासी महाविद्यालय की आज और कल होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गईं।

डिंडौरी में अतिवर्षा के चलते सरकारी स्कूलों में अवकाश रहा। नर्मदापुरम में सुबह से बारिश का सिलसिला जारी है। सुबह करीब दो घंटे में झमाझम बारिश हुई। वही जबलपुर के बरगी बांध के पांच गेटों से पानी छोड़ा जा रहा है। उधर पन्ना जिले मे पिछले 36 घंटे से अनवरत वर्षा जारी है कलेक्टर ने बारिश को देखते हुए जिले के स्कूलों का अवकाश घोषित किया हे . शिवपुरी जिले में लगातार बारिश के चलते शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में जल भराव की स्थिति देखी जा रही है। जिले में सिंध नदी पर बने अटल सागर मणिखेड़ा बांध के आज दो गेट खोले गए हैं।

--------------------